卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 26 •अंक 58 •पृष्ठ 8 •रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) •बृहस्पतिवार •4 दिसम्बर 2025 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता:धामी

## सीएम ने 47वीं पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता सेनानी पं०रामसुमेर शुक्ल को किया नमन, कई प्रतिभाओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता सेनानी पं0रामसुमेर शुक्ल की 47वीं पुण्यतिथि पर पं. रामसुमेर शुक्ल स्मृति राजकीय मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित राम सुमेर शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर सीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई लोगों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में सीएम धामी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित राम सुमेर शुक्ल ने अनेक लोगों को तराई में लाकर बसाने का काम किया। तब यह क्षेत्र वीरान जंगल हुआ करता था, यहां जंगली जानवरों का भय रहता था और कठिन परिस्थितियां रहती थी। आज हम एक ऐसे महामानव की स्मृति में यहां एकत्र हुए हैं जिन्होनें अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा जनसेवा में लगाया। अध्ययन करने के दौरान ही राष्ट्र के प्रति समर्पण की





आयु मात्र 21 वर्ष थी। उस समय उन्होनें मोहम्मद अली जिन्ना के सिद्धांत का खुले मंच से विरोध करते हुए पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया था। उनका अदम्य साहस प्रेरणादायी था। उन्होंने अपने जीवन को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया। उस दौरान उनको कई बार गिरफ्तार भी किया गया,यातनायें भी दी गयी,लेकिन उनका संगठित किया और आंदोलन को गति और दिशा देने का काम किया। जब देश आजाद हुआ तो उन्होंने किसानों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान के लिए काम किया। इसके अलावा उन्होंने तराई के विकास में भी अतुलनीय योगदान दिया। सीएम धामी ने कहा कि जो हमारे लोकतंत्र सेनानी है, उनके परिजन हैं,उनका हर कीमत पर सम्मान होना विकास और समृद्धि के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज जो फैसले हम ले रहे हैं वो पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक मूलभूत सुविधायें मजबूत की जा रही है। विभिन्न विकास परियोजनाओं पर लगातार काम किया जा रहा है। रूद्रपुर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्ष के पूरा होते होते इस मेडिकल कालेज का निर्माण पूरा हो जायेगा। इसके लिए जो भी धनराशि की आवश्यकता होगी उसका प्रबंध राज्य सरकार की ओर से तत्परता से कराया जायेगा। अब इसमें और विलंब नहीं होने दिया जायेगा। इसके साथ ही हम अनेक सड़कों का विस्तारीकरण और बाईपास का निर्माण भी कर रहे हैं। इस क्षेत्र में रहा है। रूद्रपुर में जो जलभराव की समस्या है उसके समाधान के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान को मंजूरी दी गयी है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पिंक

### इन्हें किया सम्मानित

रूद्रपुर। कार्यक्रम में स ीएम पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। धामी ने कोरोना काल के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये वरिष्ठ फिजिशियन डा. एम के तिवारी, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. रश्मि जेवियर, पूनम त्यागी, अधिवक्ता मंगला प्रसाद तिवारी, अमित कर्नाटक, ग्यासी बंसल, बलवीर कम्बोज सहित करीब 1 दर्जन लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।









भावना उनके अंदर विकसित हो चुकी थी। उन्होने 1936 में लाहोर में जब अधिवेशन में हिस्सा लिया,उस समय उनकी उत्साह कभी कम नहीं हुआ। उनके कदम कभी नहीं डगमगाये। भारत छोड़ों आंदोलन के दौरान भी उन्होंनें युवाओं को चाहिए, यह हमारी प्राथमिकता में है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड राज्य भी पंडित राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कालेज का निर्माण कराया जा रहा है। सीएम धामी ने मंच से कहा कि इस वित्तीय रूद्रपुर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के साथ साथ नई सिंगल लाईनें और दो ओवर ब्रिजों का निर्माण भी कराया जा टायलेट का निर्माण भी प्रगति पर है। इतना ही नहीं रूद्रपुर में 15 करोड़ की लागत से प्रदेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी के जयकारों से गूंजा परिसर

रुद्रपुर। मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पहुंचते ही पूरा परिसर उत्साह और जोश से गूंज उठा। जैसे ही मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे, उपस्थित जनता और संगठन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों के साथ उनका स्वागत किया। चारों ओर पुष्कर सिंह जिंदाबाद, "धाकड़ धामी" के नारे गूंजने लगे, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले ही कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। लोगों ने हाथ लहराकर और तालियां बजाकर मुख्यमंत्री के प्रति अपना प्यार जताया। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में युवा, संगठन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।मुख्यमंत्री धामी ने जनता के अभिवादन का मुस्कुराकर जवाब दिया और कहा कि प्रदेश सरकार जनसमस्याओं के समाधान और विकास को समर्पित है। उन्होंने जनता के उत्साह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। पूरे आयोजन के दौरान रुद्रपुर का मेडिकल कॉलेज धाकड़ धामी के नारों से बार-बार गूंजता रहा, जिसने माहौल को और अधिक ऊर्जावान बना दिया।

## विभिन्न संगठनों ने धामी का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्यक्रम के दौरान अनेक संगठनों के लोगों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। नगला



नगरपालिका के अध्यक्ष सचिन शुक्ला ने स्मृति चिन्ह स्वरूप मुख्यमंत्री को शेर भेंट किया। प्रदेश में किसानों के हित में निरंतर कार्य करने पर किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने श्री धामी को स्मृति चिन्ह के रूप में हल प्रदान (शेष पृष्ठ सात पर)

## खुरपिया फार्म में इंडस्ट्रियल स्मार्ट पार्क बनेगा रोजगार का मुख्य साधन

रुद्रपुर। मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं के उज्जवल भविष्य और प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं को लेकर कहा कि किच्छा के खुरपिया फार्म में कई एकड़ क्षेत्र में अत्याधुनिक इंडस्ट्रियल स्मार्ट पार्क विकसित किया जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में रोजगार सृजन का बड़ा केंद्र साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि उत्तराखंड न केवल पर्यटन और शिक्षा में, बल्कि उद्योग और तकनीक के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि स्मार्ट पार्क के विकसित होने से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर खुलेंगे,आधुनिक तकनीक आधारित उद्योगों को एक ही स्थान पर सुविधाएं मिलेंगी।मुख्यमंत्री ने मंच से युवाओं को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में रोजगार बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। "हमारा लक्ष्य है कि हर युवा को अवसर मिले, हर परिवार का आर्थिक स्तर ऊपर उठे और उत्तराखंड विकास के नए शिखर छुए।

## मण्डी समिति में धरने पर बैठे पूर्व विधायक ठुकराल

रुद्रपुर। रामपुर रोड पर नवनिर्मित अनाज मंडी में आढ़तियों को दुकानें आवंटित नहीं किये जाने के विरोध में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गुरूवार को मण्डी समिति परिसर में समर्थकों के साथ धरना देकर विरोध प्रकट किया। धरना स्थल पर विधायक ठुकराल ने कहा कि अपने विधायक काल के दौरान उन्होंने आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि का हस्तांतरण कराकर गल्ला व्यवसायियों की मांग पर चार वर्ष पूर्व इस विशाल अनाज मंडी का निर्माण कराया था। यह मंडी उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के हजारों



किसानों के हित में बनाई गई थी, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर और सुव्यवस्थित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज तक आढ़तियों को दुकानों के ब्लॉक आवंटित नहीं किए जा सके, जिसके चलते पूरी मंडी खंडहरनुमा हालत में पहुंच गई है। पूर्व विधायक ने बताया कि मंडी परिसर में जगह-जगह बेतरतीब घास उग आई है और यह क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। आए दिन चोरी-छिपे घटनाएँ हो रही हैं। दुकानों के शटर जंग खा चुके हैं और निर्माण कार्य शुरू होते ही खराब गुणवत्ता के कारण जगह-जगह टूट-फूट के निशान(शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम से की काशीपुर बाईपास की चौड़ाई कम करने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रूद्रपुर आगमन के अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने शहर के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके समक्ष उठाया और उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। इस दौरान महापौर ने काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण, सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की आर्थिक सहायता, अग्निकांड पीड़ितों के मुआवजे और वरिष्ठ पत्रकार के उपचार के लिए मुआवजे की मांग सहित अन्य जनहित के मामलों पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।



महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री से काशीपुर बाईपास सड़क के चौड़ीकरण की योजना पर चर्चा की। महापौर ने बताया कि यह मार्ग नगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। महायोजना 2031 में इस मार्ग की चौड़ाई 45 मीटर (लगभग 148 फीट) अंकित की गई थी। राजस्व और अन्य अभिलेखों के परीक्षण के पश्चात यह पाया गया कि मार्ग की चौड़ाई में समरूपता नहीं है। महापौर ने कहा कि शहर के दोनों ओर हाईवे के माध्यम से पहले ही 4-लेन सड़क एवं बाईपास का निर्माण हो चुका है। ऐसे में मार्ग को 45 मीटर चौड़ा करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

# रामनगर में करणी सेना ने मौलाना महमूद मदनी का पुतला फूंका

रामनगर(उद संवाददाता)। भोपाल में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए एक बयान को लेकर हिंदूवादी संगठनों में विरोध तेज हो गया है। इसी क्रम में बुधवार शाम करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर जोरदार नारेबाजी करते हुए मौलाना महमूद मदनी का पुतला दहन किया। करणी सेना युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि संगठन इस बयान का कड़ा विरोध करता है। उनका आरोप है



कि मौलाना के बयान से राष्ट्रवादी मुसलमानों और युवाओं को भड़काने का प्रयास किया गया है, जिससे देश का माहौल खराब हो सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे बयान दिए जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। सूरज चौधरी ने सरकार से मौलाना महमूद मदनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और गिरफ्तारी की मांग की। इसके साथ ही करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रामनगर कोतवाली में तहरीर सौंपकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग भी की है।

# जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी खुदी राम बोस को किया नमन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की जयंती पर मैत्री बांग्ला संघ के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम में स्वतंत्रता आंदोलन के अमर सपूत खुदीराम बोस को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समारोह का शुभारंभ बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति के अध्यक्ष रवि सरकार तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने खुदीराम बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।



वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जिस क्रांतिकारी युवा ने मात्र अठारह वर्ष की आयु में गीता को हृदय से लगाकर हंसते-हंसते फांसी को गले लगाया, वह भारत माता का अमर लाल था। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को खुदीराम, सुभाष चंद्र बोस, और अन्य समकालीन क्रांतिकारियों के अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के बारे में अवश्य बताया जाना चाहिए, ताकि उनमें भी देश के प्रति समर्पण और त्याग की भावना उत्पन्न हो। कार्यक्रम के दौरान रुद्रपुर, दिनेशपुर सहित कई स्थानों से आए कलाकारों ने जोशीले देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित लोगों में जोश और उत्साह की नई लहर दौड़ गई। पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष करण राय, प्रताप दत्ता, किशन सरकार, प्रियजीत राय, रितुराज, शंभु साना, सुमित बख्शी, अनुप राय, अमित पाठक, सूरज वैद्य, तापस गाईन, सुब्रत विश्वास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं विविध सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन खुदीराम बोस के आदर्शों को जीवन में उतारने और समाज में राष्ट्रप्रेम व एकता का संदेश फैलाने के संकल्प के साथ हुआ।

# इंदर रौतेला बने कांग्रेस के भूरारानी वार्ड अध्यक्ष

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओ की एक बैठक भूरारानी वार्ड के निगम पार्षद गौरव गिरी के फौजी मटकोटा स्थित आवास पर आयोजित हुई, जिसमे सर्वसहमति से इन्दर रौतेला को पुनः भूरारानी वार्ड 32 का अध्यक्ष बनाया गया, इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा नव मनोनीत महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी, और 2022 में रुद्रपुर विधानसभा से विद्यायक् का चुनाव लडी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा का फूल मालाएं पहना कर भव्य स्वागत किया गया स इस अवसर पर दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# उच्चाधिकारियों पर जबरन दबाव बनाने का आरोप

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों रानीखेत के अभियंताओं पर हुई कार्रवाई पर विरोध जताया गया। वहीं, उच्चाधिकारियों पर कर्मचारियों पर जबरन दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया। अल्मोड़ा लोनिवि कार्यालय में आयोजित बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, अभियंताओं में जागरूकता बढ़ाने और संगठनात्मक एकता को



मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं, इंजीनियरर्स ने संगठनात्मक मजबूती, नियमित सहभागिता बनाए रखने की बात कहते हुए कहा कि अभियंता समाज की आवाज मजबूत होगी तो संगठन अधिक प्रभावी रूप से कार्य करेगा। वक्ताओं ने रानीखेत में अभियंताओं के निलंबित पर आक्रोश जताया और आदेश वापस लेने की मांग करते हुए आंदोलन को चेताया। इस मौके पर मंडल महामंत्री कुमाऊं हिमांशु जोशी, हितांशी नैनवाल, प्रदीप कुमार जोशी, केजी गोस्वामी, रीनी पांडे, कैलाश चंद्र, पुनीता रानी, रवींद्र रावत, मनोज नाथ आदि मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के साथ युवक दबोचा

गदरपुर। नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गदरपुर थाना पुलिस ने 24 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा 2 दिसंबर को कस्बा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान आरोपी नवीन कश्यप (25 वर्ष), निवासी वार्ड-4 वाल्मिकी कॉलोनी को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना गदरपुर में FIR संख्या 312/2025, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी संजय पाठक, उपनिरीक्षक मोहन बोहरा, कांस्टेबल नवीन राम तथा कांस्टेबल रविन्द्र सिंह शामिल रहे।

# भाजपा नेता संजीव कुमार ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड के किसानों को राहत देते हुए गन्ना मूल्य की वृद्धि करने पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने किसानों एवं कार्यकर्ताओं के साथ खटीमा स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। तथा गन्ना मूल्य वृद्धि किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कहा कि धामी सरकार ने गन्ना किसानों की मांग को देखते हुए गन्ने के



समर्थन मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कर काश्तकारों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। उत्तराखंड अब गन्ना किसानों को यूपी से भी ज्यादा समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन गया है। जिसका इसी पेराई सत्र से काश्तकारों को इसका फायदा मिलने लगेगा। उत्तर प्रदेश से भी 5रु0 अधिक मूल्य वृद्धि कर धामी सरकार ने किसानों के मनोबल को बढ़ाते हुए कृषकों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह, धनंजय सिंह, संदीप सिंह, किशन मौर्या, राजू मौर्या, संजय यादव सहित तमाम किसान मौजूद थे।

# एएचटीयू ने एक नाबालिग को किया रेस्क्यू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने बाल श्रम के खिलाफ छापेमारी और जागरूकता अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक के पर्यवेक्षण में एएचटीयू टीम, श्रम प्रवर्तन विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने लालपुर बाजार क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान लालपुर बाजार स्थित गट्टूलाल स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट में एक नाबालिग बालक पुनीत कुमार पुत्र पवन कुमार, निवासी मल्शा गिरधरपुर, को काम करते हुए पाया गया। मौके पर मौजूद श्रम प्रवर्तन अधिकारी विपिन कुमार ने रेस्टोरेंट मालिक के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कराया और उसे भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की सख्त चेतावनी दी।



छापेमारी के साथ ही टीम ने बाजार में दुकानदारों और वर्कशॉप मालिकों को बाल श्रम और मानव तस्करी के कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। प्रतिष्ठान मालिकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर लगाना कानूनन अपराध है और उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। टीम ने लोगों को सहायता और शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर112, 1098 और 1930 की जानकारी भी दी, ताकि बाल श्रम एवं मानव तस्करी की शिकायतें समय पर दर्ज कर सहायता प्रदान की जा सके।

# बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता गोष्ठी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विवेकनगर वार्ड 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 9 में बाल विवाह रोकथाम विषय पर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय, विशेषकर महिलाओं को बाल विवाह जैसे सामाजिक कुप्रथा के दुष्परिणामों और उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना था, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और ऐसे मामलों पर समय रहते रोक लग सके। गोष्ठी के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रोनोती विश्वास ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए बाल विवाह के खतरे, उसके स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव और उससे जुड़ी कानूनी सजाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर गंभीर असर डालता है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय भी है। प्रोनोती विश्वास ने जोर देते हुए कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में बाल विवाह की तैयारी या आयोजन की जानकारी मिले, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और बच्चे का भविष्य सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में पार्षद राजेन्द्र राठौर, सहायिका चंपा सरकार के साथ सुमन, शिवानी, कमला, दीपाली, सलोनी, अंजलि, पूजा, सोनी, मीना, पुष्पा सहित अन्य स्थानीय महिलाएं भी मौजूद रहीं।



# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

बाजपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर इंटर कॉलेज बाजपुर में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देश पर लगाया गया, जिसमें छात्रों को विश्व दिव्यांग दिवस के महत्व और उद्देश्य से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में प्रारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और उनके लिए एक समावेशी वातावरण बनाने पर जोर दिया। अधिवक्ता महिपाल सिंह ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। वहीं पीएलवी शशि गुप्ता ने बताया कि इस दिवस की थीम संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक विकास संबंधी विश्व शिखर सम्मेलन की रूपरेखा पर आधारित है। पीएलवी शिवानी दीपक ने कहा कि इस दिवस का मूल उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में उनकी गरिमा और सम्मान को स्थापित करना है। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों ने भी इस विषय पर रुचि दिखाई और दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।



# नि:शुल्क स्वास्थ्य और विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

नैनीताल। विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में दूरस्थ ग्राम पंगुट-पोखरधार में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में सिविल जज (सी.डी.) एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल द्वारा संचालित किया गया। सचिव ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस मनाने का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के सम्मान, अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस विकलांगता से जुड़े मुद्दों को समझने और समाज के हर स्तर-राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक-में दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करने पर जोर देता है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन हर वर्ष इस दिवस को मनाकर दिव्यांग अधिकारों की सुरक्षा और उनकी पूर्ण एवं समान भागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हैं। शिविर के दौरान सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली नि:शुल्क सेवाओं, महिलाओं के लिए संचालित प्रतिकार योजनाओं तथा कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, जिसे कानूनी सहायता की आवश्यकता हो, प्राधिकरण से नि:शुल्क मदद प्राप्त कर सकता है। चिकित्सा टीम ने मौके पर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य और कानूनी जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।



# ऑनलाइन परिवार नियोजन सामग्री वितरण की दी जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में एफ.पी. एल.आई.एम.एस. पोर्टल की समीक्षा बैठक प्रशिक्षण डा. के.के. अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें जिला चिकित्सालय स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से आए हुए फार्मेसी अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डा. के.के. अग्रवाल द्वारा बताया गया कि परिवार नियोजन सामाग्रियों की मांग एंव आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत और सुव्यवस्थित किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा परिवार नियोजन सामाग्रियों को राज्य स्तर पर उपलब्ध कराती है एवं राज्य से जनपदों को जनपदों से ब्लॉक तथा ब्लॉक स्तर से स्वास्थ्य ईकाईयों (डीएच, एसडीएच, सीएचसी, पीएचसी, एससी) आरोग्य मंदिर तक उनकी मांग के आध ार पर वितरित किया जाता है। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला समन्वय प्रदीप महर द्वारा प्रतिभागियों को एफ पी.एल. एम. आई. एस. पोर्टल प्रणाली के बारे में विस्तृत रूप बताया गया कि परिवार नियोजन से सम्बन्धित सामाग्री जैसे कोन्डोम, प्रेग्नेसी किट, माला-एन, ईजी पिल्स, छाया इत्यादि को ऑनलाइन ईण्डेनट के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। जिसका सीधा लाभ लक्ष्य दम्पति को मिल सके। डा. हरेन्द्र मलिक, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि आने वाले आगामी बर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं का रिकार्ड डिजिटलीकरण हो जायेगा। जिसको आसानी से ट्रैक किया जायेगा। डा के.के. अग्रवाल द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय से उप-केन्द्र स्तर तक सेल्फ केयर किट लगाये जा चुके है। जिसमें कन्डोम, प्रेग्नेसी किट व ईजी पिल्स भरी जानी है। जिस हेतु पोर्टल के माध्यम से मांग पत्र दिया जाये, ताकि सीधा लाभ लाभार्थीयो को मिल सके। प्रशिक्षण में डा. एस.पी. सिंह, हिमाशु मुस्योनी, प्रभारी जिला फार्मेसी अधिकारी आर.सी. खुल्बे, प्रेम शंकर, फार्मेसी अधिकारी, चांद मिया एवं सौरभ शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।



# अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। देश के प्रथम राष्ट्रपति तथा संविधानसभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्रप्रसाद का जन्मदिन बड़ी श्रद्धा से मनाया गया। जिला बार एसोसिएशन ने सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर महान विभूति को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की बैठक में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने कहा कि डॉ साहब हम अधिवक्ताओं के प्रेरणादायक थे। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डी डी गुणवंत ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे प्रेरणास्रोत डॉ राजेंद्र प्रसाद इस देश के प्रथम राष्ट्रपति बने ।बार के पूर्व अध्यक्ष सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए चिंतन का दिन है हमें अपनी भूमिका सही तरीके से समाज और देशहित निभानी चाहिए देश में अधिकांश अधिवक्ता अपने कर्तव्यों से विमुख हो कर अपने कर्तव्यों को भूल गए हैं और रुपए पैसे के पीछे भागते दिखते हैं जो वकालत के पेशे के खिलाफ है। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव फौगाट ने सभी अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए अधिवक्ताओं से पेशे की पवित्रता बनाए रखने के लिए अपील की सभा का संचालन सचिव जसवंतसिंह ढिल्लों ने किया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शुक्ला, शब्बीर मुहम्मद सिद्दीकी, राजेन्द्रचंद, सुशीला मेहता नरेश छाबड़ा, उमेश नारायण पांडे, जय महाशक्ति मिश्रा उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, इंद्रजीत बिट्टा, कमला चिलाना, सोमिलघीक, सूरज प्रकाश , अखलाकमलिक, सुरभि आहूजा, होमी कुरैशी, मीराचौहान, गौरव मिड्ढा,वरिष्ठ अधिवक्ता दयानंद जायसवाल मौजूद थे।

# चार नशा तस्करों पर लगाई गैंगस्टर

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में नशा तस्करी के क्षेत्र में गिरोह बनाकर कार्य कर रहे चार तस्करों पर शिकंजा कसते हुए थाना पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने स्मैक की तस्करी करने वाले चार बड़े तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब पुलिस द्वारा आरोपियों पर शिकंजा कसने के साथ ही उनके द्वारा नशा तस्करी के माध्यम से किए गए धन अर्जित की भी जांच की जाएगी। पुलभट्टा थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि मोहल्ला सराय, नई बस्ती, फतेहगंज ईस्ट, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी रिफाकत हुसैन, मोहल्ला अंसारी, वार्ड नंबर 8, रामकटोरी, फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी शानू अहमद, मोहल्ला अली खान, थाना काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर निवासीगण आसमा बेगम तथा उसके पति खुर्शीद अली द्वारा गिरोह बनाकर बरेली से स्मैक तस्करी कर पुलभट्टा, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, हल्द्वानी, रुद्रपुर आदि क्षेत्रों में युवा पीढ़ी को स्मैक की तस्करी की जाती है तथा आरोपियों द्वारा स्मैक का अवैध कारोबार कर व्यापार करते हुए भौतिक /आर्थिक लाभ लेने के लिए संगठित गैंग बनाकर धन अर्जित किया जाता है। बताया कि गैंग का सरगना बरेली निवासी रिफाकत हुसैन है तथा आरोपीगण लगातार अपराध कर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं एवं आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग थानों में कई अभियोग पंजीकृत हैं। बताया कि शातिर अपराधी होने तथा उनके आतंक व भय के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध सूचना देने में संकोच करता है तथा खुले वातावरण में आरोपियों का रहना समाज हित में नहीं है एवं आरोपीगण उत्तर प्रदेश के गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत लगातार अपराध कर रहे हैं। अवैध कार्यों के क्रियाकलापों पर नियंत्रण अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि गिरोह सरगना रिफाकत हुसैन के खिलाफ पुलभट्टा, काशीपुर, बरेली, फतेहगंज बरेली क्षेत्र में 14 अभियोग, शानू अहमद के खिलाफ पुलभट्टा थाना, आसमां बेगम के खिलाफ पुलभट्टा एवं काशीपुर में दो मुकदमे तथा खुर्शीद के खिलाफ पुलभट्टा थाने में एक मुकदमा दर्ज है। थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने आरोपियों के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमों का गैंग चार्ट बनाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा एवं जिलाधिकारी उध म सिंह नगर से अनुमोदित करवा लिया है तथा आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई होने के साथ ही अब पुलिस द्वारा जांच कर चारों आरोपियों की चल- अचल संपत्ति की कुंडली तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पति के खिलाफ केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। डेढ़ वर्ष पूर्व हुई प्रेम विवाह में एक विवाहिता फंदे से लटकी मिली थी। विवाहिता के परिजनों ने महिला के ससुरालयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं तथा पुलिस को लिखित तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मृतका की मां ने दामाद पर शराब पीकर आए दिन मृतका से मारपीट करने तथा मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम रजपुरा, थाना किच्छा निवासी श्रीमती वासो देवी पत्नी आनंद ने बताया कि उसकी पुत्री काजल ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम रजपुरा निवासी प्रताप पुत्र रामवृक्ष के साथ हिंदू रीति रिवाज से प्रेम विवाह कर लिया था। आरोप है कि विवाह के बाद पति प्रताप द्वारा काजल के साथ शराब पीकर तथा नशा करने के बाद मारपीट की जाती थी। बताया कि 26 नवंबर की सुबह पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद पुत्री मायके आ गई और परिजनों को प्रताप द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ित किए जाने के बारे में जानकारी दी। महिला के अनुसार पुत्री काजल को घर की चाबी सौंप कर पीड़िता अपने पति एवं पुत्र के साथ मजदूरी पर चले गए। महिला के अनुसार शाम करीब 3 बजे प्रताप अपने ससुराल आया और जबरन काजल से घर का दरवाजा खोलने की मांग की तथा काजल द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर घर की दीवार कूद कर प्रताप ने घर में प्रवेश करने के बाद काजल के साथ मारपीट की तथा करीब 4 बजे प्रताप जबरन मारपीट करते हुए काजल को अपने साथ अपने घर ले गया। पीड़िता ने बताया कि शाम करीब 6 बजे गांव के एक व्यक्ति द्वारा उन्हें बताया गया कि काजल को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। सूचना पर जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि फांसी लगाने के कारण काजल की मौत हो गई है। मृतका की मां ने प्रताप पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की पुलिस से गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टोल प्लाजा के पास हुई दुर्घटना में बस चालक के खिलाफ केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। 29 नवंबर को देवरिया के पास स्थित टोल प्लाजा के पास हुए सड़क हादसे में दो लोगों के मौत के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई मोहम्मद फिरोज पुत्र शरीफ अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि घटना वाले दिन वह एवं उसका भाई जीशान तथा पड़ोस का ही रहने वाला मोहम्मद अरबाज अलग-अलग मोटरसाइकिलों में घर को जा रहे थे। तहरीर करता ने कहा है कि वह जीशान की मोटरसाइकिल के पीछे कुछ दूरी पर चल रहा था जीशान और अरबाज की मोटरसाइकिल आगे थी उसके पीछे एक बस चल रही थी वह कुछ दूरी पर चल रहा था इस दौरान बस चालक ने जीशान की मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि मोहम्मद अरबाज गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घटना वाले दिन वह घायलों को लेकर के इलाज कराने गया हुआ था। जिस वजह से वह तत्काल प्राथमिक की दर्ज नहीं कर सका क्योंकि उसका परिवार हादसे में दुखी था। उसका परिवार जो कि दुख की घड़ी से बाहर निकाल कर आया है और वह अब बस चालक के खिलाफ लापरवाही और तीव्र गति से वाहन चलाने की रिपोर्ट दर्ज करना चाहता है पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना के मामले में पिकअप चालक पर केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में दो दिन पूर्व ई-रिक्शा को पिकअप द्वारा जोरदार टक्कर मारने की घटना में पुलिस ने घायल रिक्शा चालक के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था उसका गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम रतनगढ़, पोस्ट नजरगंज, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली निवासी ओमप्रकाश पुत्र हर प्रसाद ने बताया कि विगत 1 दिसंबर की सुबह करीब 8 बजे उसका पुत्र रंजीत कुमार सामान ढोने वाला ई-रिक्शा लेकर देवरिया टोल प्लाजा पर ड्यूटी करने जा रहा था, तभी सितारगंज मार्ग पर मटर प्लांट के निकट तेज रफ्तार वाहन चालक ने वाहन को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए रंजीत के ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद ई रिक्शा पलट गया और करीब 100 मीटर तक सड़क पर घसीटता चला गया। पिकअप की टक्कर लगने से बिजली का एक पोल भी टूट गया तथा रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना में घायल रंजीत को इलाज के लिए रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। ओमप्रकाश की शिकायत पर पुलिस ने रजिस्ट्रेशन नंबर के आध ार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# भागवत कथा जीवन का सार: मीना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है की श्रीमद् भागवत कथा हमारे जीवन का सार है,यह हमारी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने का साधन है,श्रीमद् भागवत कथा के सुनने मात्र से ही मनुष्य के जीवन का कल्याण संभव है, श्रीमती शर्मा फौजी मटकोटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रही थी । इससे पूर्व यहां पहुंचने पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस



नेता अनिल शर्मा सहित महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ममता रानी ने निगम पार्षद गौरव गिरी के साथ श्रीमद् भागवत कथा के व्यास का तिलक कर, उन्हें पीत वस्त्र डालकर और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया, बाद में कथा व्यास द्वारा भी श्री शर्मा, श्रीमती शर्मा, ममता रानी, और गौरव गिरी का माला पहनाकर और उनका तिलक कर,उन्हें आशीर्वाद दिया गया स इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण और आयोजन कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# किराना व्यापारी सुमित पाहवा की माता का निधन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रसिद्ध किराना थोक व्यापारी सुमित पाहवा की माता श्रीमती मोना पाहवा का कल लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीमती मोना पाहवा सामाजिक रूप से मिलनसार और सौम्य स्वभाव की महिला थीं। नगर के अनेक व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोग उनके निवास स्थान पर पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।सुमित पाहवा व्यवसाय के साथ-साथ धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहते हैं,



जिसके चलते नगर में उनकी विशेष पहचान है। उनकी माता के निधन से परिवार सहित पूरे व्यापारिक समुदाय में गहरा दुःख व्याप्त है।नगरवासियों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# गुटका मसाला व्यापारी से 12 लाख का जुर्माना वसूला

सितारगंज। राज्य कर विभाग की प्रवर्तन टीम ने दिल्ली से बिना किसी वैध दस्तावेज के सितारगंज लाए जा रहे पान मसाले के बड़े जखीरे को पकड़ा। टीम ने वाहन सहित माल जब्त कर व्यापारी से 12 लाख 2 हजार 480 रुपये का जुर्माना वसूला। व्यापारी को कड़ी चेतावनी भी दी। संयुक्त आयुक्त प्रवर्तन रोशन लाल के नेतृत्व में टीम ने बीते मंगलवार को सितारगंज के मुख्य बाजार में सनातन धर्मशाला के पास दबिश दी। वहां एक वाहन से पान मसाला अनलोड हो रहा था। पूछताछ में चालक एवं मालिक कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। टीम ने वाहन को माल समेत राज्य कर भवन खटीमा लाकर भौतिक सत्यापन किया। वाहन में एक ब्रांड का कुल 2 लाख 26 हजार 200 पाउच पान मसाला बरामद हुआ। इनका बाजार मूल्य और कर चोरी की गणना कर कुल 12,02,480 रुपये की जुर्माना राशि तय की गई, जिसे व्यापारी ने मौके पर ही जमा कर दिया। इसके बाद वाहन और माल छोड़ दिया गया। कार्रवाई में सहायक आयुक्त सचल दल प्रभारी खटीमा मोहम्मद कासिम, राज्य कर अधिकारी विनोद कुमार सहित प्रवर्तन टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। संयुक्त आयुक्त रोशन लाल ने चेतावनी देते हुए कहा हर व्यापारी को पारदर्शी और पूरी तरह वैधानिक तरीके से कारोबार करना होगा। कर चोरी करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश्वरी कपिल के निधन पर शोक व्यक्त

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।जिले की वरिष्ठ अधिवक्ता 65 वर्षीय कुमारी राजेश्वरी कपिल का अल्प बीमारी के कारण निधन हो गया उनके निधन पर जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंहनगर के अध्यक्ष संजीव फौगाट तथा सचिव जसवंतसिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को न्याय क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि कुमारी कपिल अधिवक्ता के साथ साथ एक समाजसेविका भी थी और गरीबों की बहुत बड़ी मददगार थी बार के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल चिलाना ने कहा कि वे हम कनिष्ठ अधिवक्ताओं की पथ प्रदर्शक थी । शोक सभा में पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने कहा कुमारी राजेश्वरी कपिल एक योग्य अधिवक्ता थी , बैठक में अधिवक्ता गुरबाजसिंह, रवि अरोड़ा, मदनलाल भाटिया, होमी कुरैशी, वरिष्ठ अधिवक्ता चरणजीत सिंह, मीरा चौहान, कपिल कालरा, नरेश छाबड़ा, दयानन्द जायसवाल, अंकित सिडाना , राजेन्द्र चंद,अभिनव छाबड़ा कमल तलवाड़,वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामसुंदर स्वामी समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। ग्राम पिपलिया नंबर दो निवासी तरुण मंडल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा था कि विगत 24 नवंबर को उसकी बाइक चोरी हो गई थी। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक और टीम के साथ महतोष तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे, इस बीच पुलिस ने एक बाइक पर सवार ग्राम चंदनगढ़ थाना दिनेशपुर निवासी विजय विश्वास को पूछताछ के लिए रोका, विजय विश्वास बाइक के कागजात नहीं दिखा पाया। पूछताछ में उसने बताया कि यह बाइक उसने चोरी की है जो कि कुछ दिन पूर्व बाइक को पिपलिया नंबर दो से चोरी किया था कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# सरकार हर कदम पर अन्नदाता के साथः धामी

## पंतनगर विश्वविद्यालय की कृषि प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री धामी ने किया शुभारंभ








खटीमा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा लोहिया हेड मैदान में आयोजित कृषि गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय, कृषि विभाग तथा विभिन्न संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और इसे किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कृषि गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है, और किसान मजबूत होगा तो देश और प्रदेश दोनों प्रगतिशील एवं सम्पन्न बनेंगे। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय को हरित क्रांति की जन्मस्थली बताते हुए कहा कि यहां निरंतर शोध और नवाचार किए जा रहे हैं, जिनका लाभ किसानों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों से उन्नत बीजों, आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने तथा अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और सैनिकों की सरकार है, और किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। किसानों की आय दोगुनी करने और आर्थिकी को मजबूत करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं का किसानों को अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। उन्होंने कृषि के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, रेशम, शहद उत्पादन जैसे सहायक व्यवसाय अपनाने को भी प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार गन्ना किसानों को राहत देते हुए गन्ने के समर्थन मूल्य में 30 प्रति क्विंटल की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। उन्होंने किसानों से गन्ने का रकबा बढ़ाने और अधिक उत्पादन करने की अपील की, ताकि उन्हें बेहतर आय मिल सके। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम प्रदेशभर में निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे सीमांत क्षेत्रों के किसानों को नवाचार और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रीप परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को छह ई-रिक्शा प्रदान किए। इसके साथ ही कृषि विभाग के दो प्रगतिशील किसानों को 49,750/- की अनुदान राशि के चेक और कुल 1000 किसानों के लिए निर्धारित कृषक किटों में से पाँच किट सांकेतिक रूप से वितरित की गईं। किसानों ने गन्ना मूल्य बढ़ोतरी के लिए मुख्यमंत्री का जोरदार नारे लगाकर स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महापौर दीपक बाली, खटीमा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता के प्रतिनिधि प्रेम सिंह टूरना, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, दान सिंह रावत, राजपाल सिंह, कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।










# विश्व दिव्यांग दिवस पर सक्षम सेवा केंद्र में विचार गोष्ठी

## दिव्यांगजनों ने रखीं अपनी समस्याएं, कार्रवाई का भरोसा दिया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र रुद्रपुर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सक्षम के जिला, प्रांत और नगर स्तर के दायित्वधारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश चंद्र पंत ने की तथा संचालन जिला सचिव हरीश पंत ने किया। दीप प्रज्वलन और भारत माता व सूरदास जी के चित्रों पर पुष्प अर्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गोष्ठी के दौरान दिव्यांगजनों ने यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन, ई-रिक्शा, रेलवे पास आदि से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं और सक्षम से सहयोग की अपील की। जिला सचिव हरीश पंत ने बताया कि रुद्रपुर में संचालित सक्षम सेवा केंद्र पिछले तीन वर्षों से दिव्यांगजनों की सहायता कर रहा है और किसी भी प्रकार की उत्पीड़न संबंधी शिकायत मिलने पर केंद्र तत्परता से सहयोग करेगा। प्रांत संरक्षक डॉ. एल.एम. उप्रेती ने दिव्यांग पेंशन हेतु आय सीमा बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि जिला अध्यक्ष महेश पंत ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के प्रभावी अनुपालन की मांग रखी। कई उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न विभागों द्वारा दिव्यांगजनों की उपेक्षा और असुविधा की भी शिकायत की तथा समाधान की अपेक्षा जताई। सक्षम सेवा केंद्र संचालक आशा पंत ने केंद्र में आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराने की जरूरत बताई, ताकि दिव्यांगजनों को निशुल्क सुविधाएं मिल सकें। इसी दौरान एक महिला लच्छो देवी ने अपने 6 वर्षीय दिव्यांग बच्चे के प्रमाण पत्र न बन पाने की समस्या भी साझा की। जिला एडवोकेसी प्रमुख अनुरोध श्रीवास्तव ने बताया कि उत्पीड़न की स्थिति में दिव्यांगजन जिला विधिक प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष महेश पंत ने कहा कि दिव्यांगजनों की सभी उठाई गई समस्याओं पर शीघ्र ही शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभागों को पत्र भेजकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैलाश पांडे, मदन कांडपाल, बसंती कांडपाल और सक्कू रानी सहित कई लोग उपस्थित रहे।





SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# दबंगों ने लाठी डंडो से किया हमला

किच्छा( उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लालपुर में एक व्यक्ति द्वारा लालपुर के ही रहने वाले तीन लोगों पर गाली गलौज करने एवं लाठी डंडों से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में लालपुर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र मनजीत सिंह ने कहा है कि लालपुर के ही रहने वाले संजय उर्फ एमपी पुत्र जसवंत सिंह ,बलवीर सिंह पुत्र अमित सिंह, बाबू पुत्र सुरेंद्र सिंह ने बीती रात्रि को के एक स्कूल लालपुर रोड के पास एकजुट होकर प्रार्थी को गंदी-गंदी गालियां देते हुए प्रार्थी को लात घुसो और लाठी डंडों एवं लोहे की रॉड से बुरी तरह से मारने पीटने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उस समय संजय उर्फ एमपी ने तमंचे की बट से उसके सिर पर जानलेवा हमला भी किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी नाक फट गई आरोप है कि बाबू ने लोहे की रॉड से उसके पैरों पर वार किया है जिससे उसको गुम चोट आए हैं। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि वह वह मुश्किल भाग कर अपनी जान बचा पाया है तथा वह नहीं भागता तो उसको लोग जान से मार देते पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि उसे उन लोगों से जान माल का खतरा बना हुआ है पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दिव्यांग जन दिव्यांग नहीं, समाज के दिव्य-अंग हैं: सीएम

## मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार समारोह में दिव्यांगजनों को किया सम्मानित

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार वितरण समारोह में दिव्यांगजन दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उन असाध ारण व्यक्तियों को सम्मान देने का अवसर है जिन्होंने चुनौतियों को अवसर और संघर्षों को प्रेरणा में बदलकर समाज उदाहरण साझा किए। मुख्यमंत्री ने हाल ही में भारत की दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम द्वारा कोलंबो में टी-20 ब्लाइंड वूमेन वर्ल्ड कप-2025 जीतने पर भी गर्व व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज केन्द्र और राज्य सरकार दोनों कमजोर दिव्यांगजनों को 1500 मासिक पेंशन, दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को 700 मासिक भरण- पोषण अनुदान, तीलू रौतेली विशेष दिव्यांग पेंशन योजना व बौना पेंशन योजना के तहत घ्1200 मासिक पेंशन के साथ ही सरकारी स्थित आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था तथा ऊधमसिंह नगर में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए पुनर्वास गृह का निर्माण किया गया है। देहरादून में राज्य का पहला "प्रधानमंत्री दिव्यांशा केंद्र" भी युवाओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 41 प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों को घ्8000 की पुरस्कार राशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं मानपत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने सभी से







प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं मानपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून में 905.13 लाख की लागत से बनने वाले आयुक्त दिव्यांगजन उत्तराखण्ड, उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड तथा समाज कल्याण आईटी सेल के बहुउद्देशीय कार्यालय भवन का शिलान्यास तथा प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र, नैनीताल (एलिम्को) का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सभी दिव्यांगजनों को विश्व को दिशा दी है।उन्होंने कहा कि "दिव्यांगता शरीर में हो सकती है, लेकिन सपनों में नहीं", और आज हमारे दिव्यांग भाई-बहन प्रत्येक क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन दिव्यांग नही समाज के दिव्य अंग है। उन्होंने भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर, इंग्लिश चौनल पार करने वाले सत्येंद्र सिंह लोहिया तथा बिना हाथों के विश्व पैरा तीरंदाजी चौंपियन बनीं शीतल देवी जैसे प्रेरक दिव्यांगजनों को समान अवसर और गरिमामय जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नए भवनों, अस्पतालों व बस अड्डों के निर्माण में दिव्यांग जन-अनुकूल व्यवस्थाएँ अनिवार्य की गई हैं। कई पुराने भवनों में भी सुगम्यता हेतु आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं। साथ ही "कॉमन साइन लैंग्वेज" के प्रसार और दिव्यांगजन हितैषी स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन भी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आर्थिक रूप से नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किये जाने, दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति तथा कृत्रिम अंगों हेतु 7000 अनुदान, दिव्यांग से विवाह करने पर 50,000 प्रोत्साहन राशि, दिव्यांग छात्रों के लिए सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराते हुए जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्रों के माध्यम से उन्हें सभी योजनाओं का एकीकृत लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही देहरादून प्रारंभ किया गया है। राज्य गठन के बाद पहली बार दिव्यांग सर्वेक्षण भी प्रारंभ किया गया है, जिससे दिव्यांगजनों की वास्तविक संख्या व आवश्यकताओं का सही आकलन हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के "यंग इनोवेटिव माइंड्स" से अपील की कि वे अपने आविष्कारों में दिव्यांगजनों की जरूरतों को विशेष स्थान दें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक विकसित कर दिव्यांगजनों के जीवन को और सुगम बनाएं। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका मनोबल भी बढ़ाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, मेयर गजराज बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, सचिव समाज कल्याण श्रीधर बाबू अदांगी, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधि कारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी और खटीमा में किसानों ने किया सीएम का जोरदार स्वागत

## गन्ना समर्थन मूल्य बढ़ाने पर किसानों ने मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार ,निर्णय से करीब तीन लाख गन्ना किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

हल्द्वानी/खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को हल्द्वानी दौरे पर रहे। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने गन्ना समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री का गन्ने के समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि से प्रदेश के लगभग तीन लाख गन्ना किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने इस फैसले को किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक मजबूत कदम से भी अधिक गन्ना समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन गया है, जो गन्ना किसानों के लिए एक बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य







गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री श्री धामी को गन्ना, तथा पर्वतीय क्षेत्रों की पारंपरिक कृषि उपज गडेरी, माल्टा, अदरक और शहद से भरी विशेष टोकरी भेंट की। महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बताया। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में गन्ना मूल्य में 30 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब शीघ्र प्रजाति वाले गन्ने का समर्थन मूल्य 375 से बढ़कर 405 प्रति क्विंटल हो गया है। सामान्य प्रजाति वाले गन्ने का समर्थन मूल्य 365 से बढ़कर 395 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस निर्णय के बाद उत्तराखंड अब पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने वालों में राज्य किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, संदीप कुकसाल, हरीश सुनाल, नरेंद्र मेहरा, सोबन सिंह, भैरव खोलिया, रवीन्द्र रैकुनी, आनंदमणि भट्ट सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

**खटीमा-** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को खटीमा दौरे पर रहे। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने गन्ना समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि से प्रदेश के लगभग तीन लाख गन्ना किसानों को सीध ा आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने इस फैसले को किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक मजबूत कदम से भी अधिक गन्ना समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन गया है, जो गन्ना किसानों के लिए एक बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राज्य और उनके निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री श्री धामी को गन्ना, तथा पर्वतीय क्षेत्रों की पारंपरिक कृषि उपजख्र गडेरी, माल्टा, अदरक और शहद से भरी विशेष टोकरी-भेंट की। महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गन्ने के बताया।उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में गन्ना मूल्य में घ्30 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। अब शीघ्र प्रजाति वाले गन्ने का समर्थन मूल्य 375 से बढ़कर 405 प्रति क्विंटल हो गया है। सामान्य प्रजाति वाले गन्ने का समर्थन मूल्य 365 से बढ़कर 395 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस निर्णय के बाद उत्तराखंड अब पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने वालों में राज्य किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, संदीप कुकसाल, हरीश सुनाल, नरेंद्र मेहरा, सोबन सिंह, भैरव खोलिया, रवीन्द्र रैकुनी, आनंदमणि भट्ट सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# सुलभ शौचालय में अव्यवस्थायें देख महापौर ने लगाई फटकार

रूद्रपुर। नगर निगम की सेवाओं और व्यवस्थाओं को लेकर महापौर विकास शर्मा एक बार फिर एक्शन मोड में नजर आए। बुधवार शाम उन्होंने अग्रसेन चौक के निकट स्थित रैन बसेरा, सुलभ शौचालय और निगम द्वारा जलाए जा रहे अलाव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुलभ शौचालय की साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली, जिस पर महापौर का पारा चढ़ गया और उन्होंने मौके पर कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। महापौर ने चेतावनी देते हुए कहा कि जनहितों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।महापौर विकास शर्मा बुधवार देर शाम सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल सहित निगम टीम के साथ अचानक रैन बसेरा पहुंचे। उन्होंने वहां की सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से



जांचा। बिस्तरों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था, पानी की उपलब्धता और सुरक्षा से जुड़े इंतजामों को स्वयं परखा। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए और लाभार्थियों की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए। महापौर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही उजागर होने पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।इसके बाद महापौर ने सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया, जहां गंदगी और अव्यवस्था देखकर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने साफ कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के मुद्दे पर लापरवाही अस्वीकार्य है। उन्होंने कर्मचारियों को तुरंत साफ-सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए और संचालन में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की बात भी कही।महापौर ने ठंड से राहत देने के लिए नगर निगम द्वारा जलाए जा रहे अलावों की भी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बढ़ती सर्दी को देखते हुए निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है और इसे नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निगम का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न हो, इसलिए टीम को चौकस रहकर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए कहा गया है।निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोली, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# लोकसभा में उठा उत्तराखंड के हॉर्टीकल्चर टूरिज्म का मुद्दा

नई दिल्ली/हल्द्वानी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री अजय भट्ट ने लोकसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान उत्तराखंड में हॉर्टीकल्चर टूरिज्म को बढ़ावा देने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सांसद भट्ट ने रामगढ़ (नैनीताल) में प्रस्तावित हॉटी-टूरिज्म परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में फल, फूल और बागवानी आधारित पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए विशेष बजट, आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण सुविध ाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।




उन्होंने कहा कि हॉर्टीकल्चर टूरिज्म से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। सांसद ने केंद्र से इस परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल के रूप में विकसित करने की मांग की।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# गिरते रुपए का संकट

पिछले कई दिनों से भारतीय अर्थव्यवस्था एक कठिन दौर से गुजर रही है। घरेलू शेयर बाजार में अनिश्चितता, कच्चे तेल की ऊंची अंतरराष्ट्रीय कीमतें और भारत अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बना असमंजस इन सभी ने मिलकर भारतीय मुद्रा को गहरे दबाव में डाल दिया है। परिणामस्वरूप, रुपया बुधवार को ''25 पैसे गिरकर 90.21 प्रति डॉलर'' पर पहुँच गया, जो अब तक का इसका ''सर्वकालिक न्यूनतम स्तर'' है। लगातार पाँच दिनों से जारी यह गिरावट सिर्फ एक आर्थिक घटना नहीं, बल्कि कई गंभीर संकेतों का समुच्चय है। विश्व अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओंख्रजैसे मंदी की आशंका, भू-राजनीतिक तनाव, और अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी के बीच निवेशक सुरक्षित ठिकाने के रूप में डॉलर को चुन रहे हैं। डॉलर की मांग बढ़ने से अन्य मुद्राओं की कीमत स्वाभाविक रूप से गिरती है, और रुपया भी इससे अछूता नहीं है।भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार बिकवाली की है। जब विदेशी निवेशक शेयर बेचकर पैसा बाहर ले जाते हैं, तो वे डॉलर की खरीद बढ़ाते हैं। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया दबाव में आ जाता है। अमेरिकी शुल्कों की घोषणा के बाद भारत के प्रति निवेशकों का भरोसा कुछ कमजोर हुआ है। व्यापारिक असमंजस बढ़ने से मुद्रा बाजार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। भारत के निर्यात को लेकर बनी अनिश्चितता ने रुपए की गिरावट में और योगदान दिया है। यह एक बड़ा सवाल बन गया है कि ''भारतीय रिजर्व बैंक ' इस गिरावट को थामने में अपेक्षित कदम क्यों नहीं उठा पा रहा है। लेकिन लगातार गिरावट यह संकेत देती है कि या तो रिजर्व बैंक सतर्कता से काम ले रहा है, या उसकी सीमाएँ इस परिस्थिति में सामने आ रही हैं। निवेशकों के मन में यह शंका लगातार बढ़ रही है कि क्या मौद्रिक नीति अपनी भूमिका कुशलता से निभा पा रही है। सरकार के शीर्ष आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कहना है कि ''रुपये की कमजोरी से महंगाई या निर्यात पर विशेष असर नहीं पड़ेगा'', इसलिए स्थिति चिंताजनक नहीं है। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की है कि ''अगले वर्ष की शुरुआत में रुपया मजबूत होगा''। हालाँकि, मौजूदा आंकड़ों और बाजार प्रवृत्तियों को देखते हुए यह अनुमान कितना विश्वसनीय है, इस पर शंका बनी हुई है। इन सबके बावजूद सरकार के बयानों में गंभीरता का अभाव दिखता है, जो निवेशकों में असुरक्षा की भावना को और बढ़ा रहा है। शेयर बाजार में लगातार नरमी और रुपये की कमजोरी ने निवेशकों में गहरी चिंता पैदा कर दी है। स्थिति कितनी बिगड़ सकती है? सरकार और रिजर्व बैंक क्या ठोस कदम उठा रहे हैं? डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर कब होगा? इन सवालों के स्पष्ट उत्तर न मिलना आर्थिक माहौल में अनिश्चितता बढ़ा रहा है। निवेशकों का भरोसा बहाल करने के लिए सरकार और आरबीआई दोनों को संयुक्त और तीव्र कार्रवाई की आवश्यकता है। स्थिति का विश्लेषण करें तो यह स्पष्ट है कि घरेलू आर्थिक नीति का असर अभी तक सकारात्मक नहीं दिख रहा। निवेशक अब भी सतर्क और भयग्रस्त हैं। ऐसे में खतरा है कि रुपया और कमजोर हो सकता है, यदि समय पर नीतिगत हस्तक्षेप न किया गया।

# एम्स ऋषिकेश में हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का राज्यपाल ने किया शुभारम्भ

ऋषिकेश(उद संवाददाता)।एम्स ऋषिकेश में आज हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने किया। फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन तथा एयरबस फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की आज से शुरुआत हुई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, तकनीशियनों और पायलटों को उच्च स्तरीय आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्यपाल ने इसे उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए "जीवनरक्षक पहल" और "एक नई आशा" बताया। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी आपदा या दुर्घटना के पश्चात् 'गोल्डन आवर' में चिकित्सा सहायता मिलना जीवन बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क मार्ग बाधित होने, भूस्खलन और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उपचार में कठिनाई रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हेलीकॉप्टर मेडिकल सर्विस उत्तराखण्ड के लिए एक वरदान सिद्ध होगी। राज्यपाल



ने कहा कि हेलीकॉप्टर में उपचार देना अत्यधिक जटिल कार्य है, जिसके लिए विशेष दक्षता और त्वरित निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। यह प्रशिक्षित दल भविष्य में अनगिनत जिंदगियों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन तथा एयरबस फाउंडेशन द्वारा भारत के साथ किए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह ज्ञान-साझेदारी भारत के स्वास्थ्य तंत्र को और मजबूत बनाएगी तथा डॉक्टरों और छात्रों को वैश्विक मानकों का अनुभव प्रदान करेगी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं की भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए एआई आधारित निदान, ड्रोन के माध्यम से दवाओं का परिवहन, टेलीमेडिसिन तथा हेली एंबुलेंस जैसी नवाचार-आधारित सेवाएं भविष्य में स्वास्थ्य तंत्र को और मजबूत करेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेवा न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे देश के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। उन्होंने एम्स ऋषिकेश द्वारा 'प्रोजेक्ट संजीवनी' के अंतर्गत नि:शुल्क हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस शुरू करने को "मानवता की सच्ची सेवा" कहा। उन्होंने केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा उत्तराखण्ड सरकार के समन्वित सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर एम्स ऋषिकेश की निदेशक डॉ. मीनू सिंह, डीन अकादमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, फ्रेंच एकेडमी ऑफ मेडिसिन के महासचिव रिचर्ड विलेट, डॉ. कमर आजम, डॉ. मधुर उनियाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्य में भूमि के इष्टतम उपयोग पर मुख्य सचिव ने दिए समन्वित योजना के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य में भूमि के सुनियोजित और अधिकतम उपयोग को लेकर बुधवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में अनुशंसा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के लैंड पार्सलों की वर्तमान स्थिति, पूर्व में लिए गए निर्णयों और उन पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लैंड पार्सलों में प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए भूमि का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर प्रोजेक्ट शुरू करने से पूर्व संबंधित जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली साईट सिलेक्शन कमेटी यह निर्धारित करे कि उस भूभाग के लिए सबसे उपयुक्त परियोजना कौन-सी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बड़े लैंड पार्सलों में एक से अधिक उपयुक्त परियोजनाएं विकसित करने की संभावनाएं होती हैं, ऐसे में संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक होलिस्टिक प्लान तैयार किया जाए, जिससे भूमि का पूर्ण और संतुलित उपयोग संभव हो सके। मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के अधीन पड़ी उन भूमियों पर भी चिंता जताई, जिनका या तो कोई उपयोग नहीं हो रहा या फिर उनका उपयोग बहुत सीमित है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी भूमि किसी अन्य विभाग की संभावित परियोजना के लिए बेहतर साबित हो सकती है, तो उसे विभागीय समन्वय के माध्यम से हस्तांतरित किया जाना चाहिए। इसके लिए सभी विभागों को समग्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, राधा रतूड़ी, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, डॉ. आर. राजेश कुमार, युगल किशोर पंत, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी तथा हरिद्वार और टिहरी के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# तमंचे व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर । पुलिस ने बलराम नगर श्मशान घाट के पास से एक युवक को 315 बोर के एक तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया । प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बलराम नगर में श्मशान घाट के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है । एस आई संजय सिंह बोरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राम कोपा कृपाली गूलरभोज निवासी इकराम नाम के युवक को हिरासत में लिया । तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# भारत में रोहिंग्याओं की घुसपैठ

भारत शायद दुनिया का ऐसा इकलौता देश है,जहां रोहिंग्या घुसपैठियों और आतंकियों तक को राहत देने के लिए जनहित याचिकाओं का इस्तेमाल वकील बेहिचक करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने घुसपैठियों से संबंधित एक ऐसी ही याचिका पर तल्ख टिप्पणी की है।दरअसल पांच रोहिंग्याओ की गिरफ्तारी के बाद जानकारी नहीं मिलने पर वकील रीता मनचंदा ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर इनके बारे में जानकारी चाही थी।इस पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जोयमाल्या बागची ने पूछा कि वे पहले अवैध रूप से सुरंगे या नदी पार करके भारत में घुस आते हैं और फिर अधिकारों की मांग करते हैं,क्या उनका रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया जाना चाहिए? भारत में बड़ी संख्या में गरीब हैं,उनके भी अधिकार हैं?क्या उन्हें नजरअंदाज कर दें?जिनकी आप पैरवी कर रहे हैं,क्या भारत सरकार ने उन्हें शरणार्थी का दर्जा दिया है?दिया है तो दस्तावेज दिखाएं?इस प्रश्न का तर्कसम्मत उत्तर नहीं देने पर अदालत ने कहा कि यदि रोहिंग्या शरणार्थी की श्रेणी में नहीं हैं,घुसपैठिए हैं तो अवैध रूप से घुसने वालों का भार वहन करना हमारा दायित्व नहीं है। शरणार्थी और घुसपैठिए में बुनियादी अंतर है।अतएव घुसपैठियों के साथ नरमी बरतने की जरूरत नहीं है। यह पहली बार नहीं है कि ये घुसपैठिए भारत में अवैध प्रवेश के बाद शरणार्थी बनने के प्रयास में रहते हैं, राशन,आधार और वोटर कार्ड हासिल करने के बाद आवास और शिक्षा की मांग भी कर स्थानीय लागों के बुनियादी संसाधनों पर अधिकार जमा लेते हैं और फिर उन्हें बेदखल करने का काम भी करने लगते हैं। कथित मानवाधिकार वादी संगठन भी इनके पक्ष में खड़े हो जाते हैं।जबकि शीर्ष न्यायालय पहले भी कह चुका है कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है।भारत लंबे समय से रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से जूझ रहा है। अनुमान है कि 3 से 5 करोड़ बांग्लादेश घुसपैठिये भारत में रह रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में म्यांमार से पलायन कर आए रोहिंग्याओं की संख्या करीब चालीस हजार है। ये घुसपैठिये मूल भारतीयों की आजीविका से संसाधनों पर तो अतिक्रमण कर ही रहे हैं, रोजगार भी हथिया रहे है। राजनीति में ये मुस्लिम परस्त दलों के मददगार बनते हैं, वहीं अर्थव्यवस्था, कानून और देश की सुरक्षा के लिए संकट के रूप में पेश आते रहे हैं।वहीं याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट के ही 2020 के आदेश का हवाला देकर मांग करते हैं कि रोहिंगाओ को केवल वैध प्रक्रिया के अनुसार ही निर्वासित किया जाना चाहिए। जबकि इस परिप्रेक्ष्य में सरकार ने रोहिंग्या समेत सभी अवैध प्रवासियों के प्रति सख्ती दिखाते हुए 'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) की ओर से जारी होने वाले शरणार्थी पहचान-पत्र की मान्यता रद्द कर दी है। दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी सरकार के दबाव में म्यांमार सरकार ने भारत से अनुरोध किया है कि यहां अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों की पहचान की पुष्टि के लिए जरूरी पहल की जाए। इस मकसद की पूर्ति के लिए दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास ने भारत सरकार को दो भाषाओं वाले फार्म का नया प्रारूप उपलब्ध कराया है, ताकि स्थानीय भाषा की जानकारी के आधार पर शरणार्थियों की पहचान तय की जा सके। इस नजरिए से भारत सरकार ने सभी राज्य सरकारों को शरणार्थियों अथवा घुसपैठियों की मूल भाषा के आधार पर नए सिरे से आंकड़े जुटाने के निर्देश दिए हैं। ये दोनों ऐसे आगे बढ़ाए गए कदम हैं, जिनसे इन प्रवासियों की वापसी आसान होगी। आजादी के बाद पहली बार यह संभव हुआ है कि असम में अवैध रूप से रह रहे सात रोहिंग्या घुसपैठियों की वापसी म्यांमार को कर दी गई है।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के अनुसार ही 14,000 रोहिंग्या भारत में रह रहे हैं। जबकि इनके अनाधिकृत तौर से रहने की संख्या करीब 40,000 है।भारत में गैरकानूनी ढंग से घुसे रोहिंग्या किस हद तक खतरनाक साबित हो रहे हैं, इसका खुलासा अनेक रिपोर्टों में हो चुका है, बावजूद भारत के कथित मानवाधिकारवादी, याचिकाकर्ता और कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और समेत अन्य विपक्षी दल इनके बचाव में बार-बार आगे आ जाते हैं। जबकि प्रमुख मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि म्यांमार से पलायन कर भारत में शरणार्थी बने रोहिंग्या मुसलमानों में से अनेक ऐसे हो सकते हैं, जिन्होंने म्यांमार के अशांत रखाइन प्रांत में हिंदुओं का नरसंहार किया हैं ? रोहिंग्याओं ने 25 अगस्त 2017 को इस प्रांत के दो ग्रामों में 99 हिंदुओं और बौद्धों की निर्मम हत्या कर उन्हें धरती में दफन कर दिया था। नतीजतन म्यांमार सेना ने व्यापक स्तर पर आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके परिणामस्वरूप करीब 7 लाख रोहिंग्याओं को पलायन करना पड़ा। इनमें से 40,000 से भी ज्यादा भारत में घुसपैठ करके शरण पाने में सफल हो गए, शेष बांग्लादेश चले गए। 2015 में बोधगया में हुए बम विस्फोट में पाकिस्तान स्थित आंतकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने रोहिंग्या मुस्लिमों को आर्थिक मदद व विस्फोटक सामग्री देकर इस घटना को अंजाम दिया था। जम्मू के बाद सबसे ज्यादा



रोहिंग्या शरणार्थी हैदराबाद में रहते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें जम्मू-कश्मीर में रह रहे म्यांमार के करीब 15,000 रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान करके उन्हें अपने देश वापस भेजने के तरीके तलाश रही है। रोहिंग्या मुसलमान ज्यादातर जम्मू और सांबा जिलों में रह रहे हैं। इसी तरह हैदराबाद में 3800 रोहिंग्यों के रहने की पहचान हुई है। ये लोग म्यांमार से भारत-बांग्लादेश सीमा, भारत-म्यांमार सीमा या फिर बंगाल की खाड़ी पार करके अवैध तरीके से भारत आए हैं। इनके अलावा असम, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक के बैंगलुरु और उत्तर प्रदेश में कुल मिलाकर लगभग 40,000 रोहिंग्या भारत में रह रहे हैं। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा प्रांत है, जहां इन रोहिंग्या मुस्लिमों को वैध नागरिक बनाने के उपाय तत्कालीन महबूबा मुफ्ती सरकार द्वारा दिए गए थे। इसीलिए अलगाववादी इनके समर्थन में उतर आए थे। म्यांमार भारत का मित्र देश है,इसलिए उसके साथ 2018 में भारत की पूर्वोत्तर नीति के अंतर्गत फ्री मूवमेंट रिजीम यानी मुक्त आवागमन की सुविधा लागू की गई थी। यह दो देशों के बीच पारस्परिक सहमति से चलने वाली व्यवस्था थी, लेकिन इसकी आड़ में उग्रवादी और घुसपैठिए भारतीय सीमा में दाखिल होने लग गए। क्योंकि सुविधा की शर्त के मुताबिक,दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों को 16 किलोमीटर तक भारतीय सीमा के चार राज्यों में आने-जाने की छूट थी। ये राज्य मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश हैं। यह उपाय इस दृष्टि से किया गया था,जिससे एकरूपता वाली जनजाति समुदायों में सांस्कृतिक मेल-मिलाप बना रहे।यह सुविधा भी वैध वीजा के आधार पर महज 72 घंटे की थी। एक समय ब्रह्मदेव के नाम से जाना,जाने वाला म्यांमार अखंड भारत का ही भूभाग था। लेकिन म्यांमार में 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद हजारों की संख्या में शरणार्थी म्यांमार से भागकर भारत पहुंचे हैं। ड्रग तस्करी और हथियारों की सप्लाई भी म्यांमार सीमा से हो रही है। यही वजह है कि सरकार ने फ्री मूवमेंट रिजीम को रद्द करने का फैसला किया है। हालांकि म्यांमार की सेना ने 2017 में जब विद्रोहियों का दमन किया था,तभी से रोहिंग्या मुस्लिमों की घुसपैठ पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के साथ पश्चिम बंगाल में भी बनी हुई है। इन घुसपैठियों ने इन राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व भी बिगाड़ने का काम किया है,जो संकट के साथ स्थानीय जनजातियों के अस्तित्व का खतरा बन रहा है। इन विद्रोहियों को पकड़ने के बहाने म्यांमार के सैनिक भी भारतीय सीमा में बड़ी संख्या में घुसे चले आते हैं। लिहाजा इस सुविधा को खत्म करना देशहित में जरुरी था। म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे हैं। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई है, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। भारत में इनको लेकर कई दिक्कतें पेश आ रही हैं। देश में इनकी मौजूदगी से एक तो आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, दूसरे इनके तार आतंकियों से भी जुड़े पाए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। नतीजतन देष में कानून व्यवस्था की चुनौती खड़ी हो रही है। अलबत्ता कुछ लोग और संगठन ऐसे भी हैं, जो इन्हें भारत के मूल निवासी बनाने के दस्तावेज बनवाने में लगे हैं। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा प्रांत है, जहां इन रोहिंग्या मुस्लिमों को वैध नागरिक बनाने के उपाय तत्कालीन महबूबा मुफ्ती सरकार द्वारा किए गए थे। इसलिए अलगाववादी इनके समर्थन में उतर आए थे। इसी प्रेरणा से श्रीनगर, जबलपुर और लखनऊ में इनके पक्ष में प्रदर्शन भी हुए थे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत शपथ-पत्र में साफ कहा है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत देश में कहीं भी आने- जाने, बसने जैसे मूलभूत अधिकार नहीं दिए जा सकते। ये अधिकार सिर्फ देश के नागरिकों को ही प्राप्त हैं। इन अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर रोहिंग्या सुप्रीम कोर्ट में गुहार भी नहीं लगा सकते, क्योंकि वे इसके दायरे में नहीं आते हैं। जो व्यक्ति देश का नागरिक नहीं है, वह या उसके हिमायती देश की अदालत से शरण कैसे मांग सकता है ? बावजूद देश में इनकी आमद बढ़ती जा रही है और इन्हें रोकने के प्रयत्न होते हैं,जो चिंताजनक है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक पत्रकार**

# राजभवन को मिला नया नाम 'लोक भवन'



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की स्वीकृति के क्रम में राजभवन को आधिकारिक रूप से नया नाम ''लोक भवन'' प्रदान किया गया है। इस क्रम में आज मुख्य द्वार पर भी ''लोक भवन'' नाम अंकित कर पुन: स्थापित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि संविधान में 'लोक' यानी जनता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। लोक ही राष्ट्र की शक्ति है, लोक ही लोकतंत्र की आत्मा है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि लोक भवन उत्तराखण्ड के नागरिकों के लिए आशा, संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसेवा का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि ''लोक भवन'' जनता की सेवा की उस पवित्र भावना का प्रतीक है, जिसमें हर नागरिक इस भवन का अपना हिस्सा महसूस करे। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल प्रशासनिक प्रतिष्ठान का प्रतीक नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड के हर व्यक्ति की आकांक्षाओं, उम्मीदों और विश्वास का घर है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि लोक भवन सचमुच 'लोक' के लिए, 'लोक' के साथ और 'लोक' के समर्पण में कार्य करेगा।

# लिगुड़ता मंगलता सिंचाई लाइन ध्वस्त होने से किसान परेशान



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लिगुड़ता मंगलता सिंचाई पाइप लाइन पिछले कई वर्षों से जगह-जगह ध्वस्त पड़ी है। जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर किसानों ने डीएम से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग उठाई। दरअसल, जिला पंचायत सदस्य सल्लाभाटकोट, शैलजा चम्याल ने क्षेत्र के किसान लंबे समय सेलिगुड़ता मंगलता सिंचाई पाइप लाइन के ध्वस्त होने से परेशान है। लगभग 8 से 10 गांवों के किसान अपनी खेती की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने डीएम को अवगत कराया कि यह सिंचाई योजना लगभग तीन से चार वर्ष पूर्व में बनी थी, लेकिन दुर्भाग्य से अब पाइप लाइन पूरी तरह टूट चुकी है। जिसके कारण, क्षेत्र में कई एकड़ उपजाऊ, खेती-बाड़ी योग्य भूमि में फसल उगाना अब संभव नहीं रह गया है। यह क्षेत्र उत्तम किस्म की फसल उत्पादन के लिए जाना जाता है, जिसमें लगभग 600-700 खेत शामिल हैं। कुल मिलाकर, लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस कृषि योग्य भूमि पर 8 से 10 गांव के सैकड़ों परिवार अपनी आजीविका के लिए निर्भर हैं। शासन-प्रशासन से निराश होकर, ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर पहाड़ी में सिंचाई पाइपलाइन को खुद ठीक करने का प्रयास किया। हालांकि, लाइन ठीक तो नहीं हो पाई, बल्कि इसके विपरीत, इस प्रयास में एक व्यक्ति को चोट भी आ गई। सदस्य शैलजा चम्याल ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों को क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।


उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि., कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड-किच्छा, ऊधम सिंह नगर-263148
ई-मेल- eddkichha@gmail.com

## विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11के0वी0 उपसंस्थान किच्छा में अनुबन्ध सं0 1351 एवं 1352/C (C&P-1)/41/2023-24/Package K-RDSS-EDC RDR/ Rajshayama/Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णत:/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अत: आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्रम0 सं0 | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | | तिथि | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ एवं कुरैया पोषक | 06.12.2025 | | |
| 2 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय | 07.12.2025 | | |
| 3 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | 11के0वी0 | दरऊ एवं कुरैया पोषक | 08.12.2025 | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| 4 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय | 09.12.2025 | | |
| 5 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ एवं कुरैया पोषक | 10.12.2025 | | |
| 6 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय | 11.12.2025 | | |
| 7 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ एवं कुरैया पोषक | 12.12.2025 | | |

Customer Care Toll Free No- 1912
" Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
(राष्ट्र हित में बिजली बचायें)

अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक- 4963/वि.वि.ख. (कि.)/ दिनांक 03.12.2025


# बालिका इंटर कॉलेज भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मिष्ठान वितरित

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में करीब 5 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से तीन मंजिला भवन के माध्यम से एक दर्जन कक्षा कक्षों के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर कांग्रेसियों ने छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया तथा छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को नए भवन निर्माण की स्वीकृति व प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई दी। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ की अगुवाई में तमाम कांग्रेसी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को विधायक तिलक राज बेहड़ के लगातार प्रयासों से इंटर कॉलेज में निर्माण कार्य की शासन से स्वीकृति के बारे में विस्तार से बताते हुए खुशी जताई। उन्होंने बताया कि विधायक बेहड़ ने किच्छा विधानसभा की 10 महत्वपूर्ण योजनाओं में जीजीआईसी विद्यालय के सौंदर्यकरण को भी प्राथमिकता दी थी तथा छात्राओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत कुल 5 करोड़ 72 लाख रुपए की धनराशि को स्वीकृति मिली है, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में शासन ने दो करोड़ 29 लाख रुपए रुपए जारी कर दिए हैं। बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्यालय में तीन मंजिला भवन के माध्यम से 12 कक्षा कक्ष, प्रत्येक तल



पर ब्लॉक एवं स्टाफ शौचालय एवं स्टाफ रूम के अलावा एक विशाल बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण किया जाएगा। बताया कि बहुउद्देशीय भवन के आकार को बड़ा किया जाएगा, ताकि छात्राओं को इसका अधिक लाभ मिल सके। निर्माण संबंधी विस्तृत जानकारी के बाद प्रभारी प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, नीता सहगल, सुनीता, रीता पनेरु, नविता, वैशाली जोशी, बबीता, नीलिमा शर्मा, पीयूष वत्सल, श्रुति वर्मा, रजनी आदि शिक्षिकाओं सहित छात्राओं ने विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नए भवनों का निर्माण विद्यालय की संरचना तथा शिक्षा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा एवं विद्यालय में कक्षा कक्षों की कमी पूरी हो जाएगी। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना ने विद्यालय में छात्राओं की संख्या के दृष्टिगत शिक्षिकाओं के कम पद सृजित होने की जानकारी देते हुए स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नियमानुसार विद्यालय में 40 पद सृजित होने चाहिए, लेकिन वर्तमान में मात्र 19 पदों पर शिक्षिकाएं कार्यरत हैं जबकि पीटीए के माध्यम से कई शिक्षिकाओं को अलग से रखा गया है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट में गणित विषय नहीं होने के कारण छात्राओं को शहर से बाहर अन्य क्षेत्र में जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, नजाकत खान, नितिन शर्मा, ओमप्रकाश दुआ, दानिश मलिक, जुनैद मलिक, दलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान..**के पहले कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का निर्माण भी कराया जा रहा है। साथ ही 17 करोड़ की लागत से एक एडवांस कूड़ा प्रबंधन प्लांट भी लगाया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि उधम सिंह नगर जनपद की बात करें तो किच्छा में 100 एकड़ की भूमि पर एम्स के सेटेलाइट सेंटर स्थापित किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यह जल्द शुरू हो, इसके निर्माण से यहां पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होगी।सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हमारे राज्य से विशेष लगाव है इसी के लिए चलते राज्य को कई बड़ी योजनायें मिल पायी है। इस जनपद के विकास के लिए गदरपुर,खटीमा बाईपास, जसपुर बाईपास, काशीपुर बाईपास का काम हुआ है। जनपद के प्रमुख स्थानो पर बस अड्डों का निर्माण भी किया जा रहा है। रूद्रपुर, गदरपुर और चकरपुर में खेल सुविधाओं का विस्तार भी किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी हो सकती हैं। खुर्पिया में जल्द ही इंडस्ट्रीयल स्मार्ट सिटी की स्थापना भी होने जा रही है। इसके निर्माण से पूरे क्षेत्र को विकास की एक और तेज गति प्रदान होगी। आस पास के लोगों को इससे रोजगार मिलेगा। सीएम धामी ने कहा कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण भी शुरू हो चुका है। इसका लाभ कुमांऊ के साथ साथ पूरी तराई को भी मिलेगा। आम लोगों की पेयजल और किसानों को सिंचाई के लिये पानी आसानी से मिल सकेगा। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में गन्ने के मूल्य में पहली बार इतनी बड़ी वृद्धि करते हुये गन्ने का मूल्य घोषित किया गया है। इससे पहले कभी भी इतनी बड़ी वृद्धि एक साथ नही की गई है। श्री धामी ने कहा कि मुझे यहां राज्य के दूरस्थ,सीमांत और ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुये लोग दिख रहे है। इतने दूर से लोग आये है तो मुझे लगा कि इन सबको इन सब कार्यो की जानकारी होनी चाहिये। इसलिये मैने किच्छा में बन रहे एम्स,हल्द्वानी में बन रही जमरानी बांध,खुरपिया में इण्डस्ट्रीयल स्मार्ट पार्क और पं.रामसुमेर शुक्ल के नाम से बनने वाले मेडिकल कालेज बनने के बारे में बताया तो वही मैं आपके बगल में बन रहे पंतनगर एयर पोर्ट के बारे में भी बताना चाहता हूॅं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी चाहते है कि सामान्य इंसान भी हवाई यात्रा आसानी से कर पाये। इसके लिये केन्द्र सरकार ने 650 करोड़ रूपये स्वीकृत कर दिये है और शीघ्र ही 1000 एकड़ में इण्टरनेशनल एयरपोर्ट तैयार हो जायेगा। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में कई काम पहली बार हो रहे है और आगे अभी बहुत करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत सम्बोधन में पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता सेनानी पं. रामसुमेर शुक्ल के सुपुत्र राजेश शुक्ला ने कहा कि पं. सुमेर ने यहां तराई क्षेत्र को बसाने में अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा कि उस दौरान इस क्षेत्र में मच्छर, मगरमच्छ, शेर, बिच्छू, सांप आदि खतरनाक जानवरों का बसेरा था। साथ ही कई जानलेवा रोग भी फैल रहे थे। लोग यहां रहने को बिलकुल भी तैयार नहीं हो रहे थे। लेकिन पं. गोविन्द बल्लभ पंत द्वारा लोगों को जागरूक करने पर यहां आबादी बसनी शुरू हुई। पं. रामसुमेर शुक्ल ने लोगों को यहां रहने के लिए संसाधन उपलब्ध करवाये और उन्हें जीवन से संघर्ष करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पं. सुमेर ने अपना सारा जीवन राष्ट्र व जनसेवा को समर्पित किया था। आज मुख्यमंत्री श्री धामी इस क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर सहयोग कर रहे हैं। श्री शुक्ला ने कहा कि श्री धामी के सहयोग से ही मेडिकल कालेज निर्माण का सपना पूरा हो सका है। श्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता कर केन्द्र सरकार से 350 करोड़ रूपये की धनराशि उपलब्ध करवाई थी। इनकी बात को प्रधानमंत्री श्री मोदी भी नहीं टालते हैं। उन्होंने कहा कि श्री धामी किसानों के हितों के लिए भी लगातार कार्य कर रहे हैं। श्री शुक्ला ने मुख्यमंत्री से मेडिकल कालेज को और धनराशि उपलब्ध कराने, सेनानी गांव में सेनानी सदन का निर्माण कराने, स्वतंत्रता सेनानी पपरिवार की प्रथम पीढ़ी को मिलने वाली पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी करने सहित कई अन्य मांगों का उल्लेख किया और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पधानरने पर उनका धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर रूद्रपुर विकास शर्मा, मेयर काशीपुर दीपक बाली,दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, पं. रामसुमेर शुक्ल के अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, काशीपुर भाजपा प्रभारी भारत भूषण चुघ,ब्लाक प्रमुख रीना गौतम, मण्डी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, नगर पंचायत दिनेशपुर अध्यक्ष मंजीत कौर, नगर पंचायत लालपुर अध्यक्ष बलविन्द्र कौर, गदरपुर नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर, नगर पंचायत गूलरभोज अध्यक्ष सतीश चुघ, नगर पंचायत सुल्तानपुर अध्यक्ष राजीव सैनी,उपेन्द्र चौधरी, शैली गुप्ता, करूणा तिवारी, जानकी तिवारी, शैल शुक्ला, आरती दूबे, माधुरी विरोन, सुनीता गंगवार, गीता भारद्वाज, दया देशीता, मधु गुप्ता,नन्द लाल यादव, घनश्याम श्यामपुरिया, दिलीप अधिकारी,प्रेम लता चौहान, सुरेश गौरी, हरीश जोशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**सीएम से की काशीपुर...**से निवेदन किया कि काशीपुर बाईपास की चौड़ाई को महायोजना 2041 में संशोधित कर 120 फीट (दोनों तरफ 60-60 फीट) किया जाए, जिससे राजस्व और महायोजना के अभिलेखों में समरूपता बनी रहे और नगर का नियोजित विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने इस मामले में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इसके अलावा महापौर ने नगर निगम क्षेत्र के 18 वर्षीय बालक अभिनव चुघ के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग भी की, जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। महापौर ने कहा कि अभिनव इकलौती संतान थी उसके परिजन आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उन्हें दो लाख रुपये की सहायता दी जानी चाहिए।इसके अतिरिक्त महापौर ने फुलसुंगा वार्ड संख्या एक के मुन्ना चौराहा पर 20 अक्टूबर को हुए अग्निकांड में हुए नुकसान के लिए पीड़ित गुप्ता जनरल स्टोर के स्वामी को मुआवजा प्रदान करने की मांग की। इस अग्निकांड में अनुमानित नुकसान लगभग 9 लाख रुपये का था। महापौर ने वरिष्ठ पत्रकार मोहन राजपूत के उपचार हेतु मुआवजे की भी मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**मण्डी समिति में ..** दिखाई दे रहे हैं। ठुकराल ने बताया कि मण्डी परिषद 62 दुकानें मंडी समिति को हस्तांतरित कर चुका है लेकिन इसके बावजूद मण्डी समिति दुकानों का आवंटन नहीं कर रही है। उन्होंने मांग की कि सभी गल्ला व्यवसायियों और आढ़तियों को बिना किसी सुविधा शुल्क के, पूर्ण पारदर्शिता के साथ दुकानों का आवंटन किया जाए। ठुकराल ने दुकानों का आवंटन जल्द नहीं होने पर मण्डी परिषद कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी। दोपहर को मण्डी समिति के सचिव विश्व विजय सिंह देव ने ठुकराल से वार्ता की उन्होंने बताया कि जो दुकानें मण्डी समिति को आवंटित की गयी हैं वह पूरी नहीं बनी हैं उनमें अभी काम होना है। काम पूरा होते ही दुकानें आवंटित कर दी जायेंगी। मण्डी सचिव के आश्वासन के बाद ठुकराल ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान ठुकराल के साथ लघु उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, भुवन गुप्ता, राकेश सिंह, विक्रमजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, हीरा सिंह, राजवीर सिंह विर्क, सद्दाम पाशा, सुरेंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, जयप्रकाश सक्सेना, सत्ता कोली, गोविंद साहनी, कमल देव सोनकर आदि भी शामिल रहे।

**विभिन्न संगठनों ने ...**किया। सिख समाज के एक शिष्टमंडल ने श्री धामी को स्वर्णमंदिर का चित्र भेंट किया। ग्राम रामनगर स्थित राजकीय विद्यालय का उच्चीकरण किये जाने पर विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्रों द्वारा मुख्यमंत्री श्री धामी को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देते हुये स्वागत करते हुये उनका आभार व्यक्त किया। पंतनगर में एयरपोर्ट का निर्माण कराने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा श्री धामी को स्मृति चिन्ह देते हुये सम्मानित किया गया।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'मोबाइल छिनैती' की वारदातें रोक नहीं पा रही 'मित्र पुलिस'

## शहर में लगभग रोज ही हो रही है मोबाइल छीनने की घटनाएं, बुलंद हौसलों के साथ झपटमार दे रहे पुलिस को खुली चुनौती

– अर्श –

रुद्रपुर। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बीते सोमवार को साइबर सुरक्षा, स्मार्टफोन फोन चोरी एवं स्मार्टफोन छीनने पर रोक लगाने के उद्देश्य से , प्रत्येक स्मार्टफोन के लिए सरकार का संचार साथी एप्लीकेशन अनिवार्य करके अपने हिस्से का काम तो कर दिया है, लेकिन यह सुलगता सवाल अभी भी अपनी जगह पूर्वत मौजूद है कि मोबाइल छिनैती की वारदातों पर प्रभावी लगाम लगाने की दृष्टि से, उधम सिंह नगर पुलिस अपने हिस्से का काम कब करेगी ? वह इसलिए, क्योंकि मोबाइल छिनैती की घटनाओं पर पुलिस के ढुलमुल रवैये के चलते शहर में झपटमारों के हौसले आजकल काफी बुलंद हैं और वे पुलिस के इकबाल को चुनौती देते हुए लगभग रोज ही मोबाइल छिनैती की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस की मुस्तैदी के तमाम दावों को ठेंगा दिखाते हुए झपटमार डीडी चौक, इंदिरा चौक, गाबा चौक, आवास विकास एवं मुख्य बाजार जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाकों में, किसी भी स्थान पर किसी भी समय छिनैती की वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो जाते हैं और पुलिस उन्हें भागते समय पकड़ना तो दूर, घटना के काफी दिनों बाद भी ट्रेस तक नहीं कर पाती।




देखने में आया है कि पुलिस की रुचि झपटमारों को कानून के शिकंजे में लाकर सबक सिखाने के बजाय चोरी हुए अथवा छीने गए मोबाइल की बरामदगी में अधिक रहती है। शायद यही कारण है कि पुलिस आमतौर पर मोबाइल छीने जाने की शिकायत पर कोई प्रकरण पंजीबद्ध नहीं करती। मोबाइल छिनैती की घटनाओं को पुलिस द्वारा गंभीरता से ना लिए जाने के कारण अनेक पीड़ित तो छिनैती की घटना का शिकार होने के बाद पुलिस थाना अथवा चौकी तक नहीं जाते। जिसका परिणाम यह होता है कि घटना पुलिस की नजर में आने से रह जाती है और कोई भी निरोधात्मक उपाय ना हो पाने के कारण घटना को अंजाम देने वालों के हौसले और भी बढ़ जाते हैं और वे शहर में एक के बाद एक कई घटनाओं को अंजाम देते चले जाते हैं। हालांकि पुलिस द्वारा चोरी हुए अथवा छीने गए स्मार्टफोन बरामद करके लोगों को वापस करने का कार्य भी सराहनीय है, मगर केवल फोन बरामद करने भर से अब बात बनती नजर नहीं आती। मोबाइल छिनैती की घटनाओं को रोकने के लिए अब यह आवश्यक हो गया है कि मोबाइल छीनने वाले झपटमारों को समय रहते कानून के शिकंजे में लिया जाए। गौरतलब है कि जनपद के कई शहरों में चेन स्नेचिंग ,मोबाईल छीनने के साथ ही राहगीरों को रोककर उनसे मारपीट कर लूटपाट की घटनायें आये दिन सामने आती रही है। चोरी डकैती व अन्य अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कप्तान सख्त दिशा निर्देश देते है। परंतु झपटमारी की वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधिक तत्वों को संरक्षण मिलने से घटनायें बढ़ रही हैं।

# सौरभ जोशी की शादी के रिसेप्शन में सीएम धामी बने खास मेहमान

## सीएम ने सौरव और अवंतिका को दिया आशीर्वाद,परिजनों के साथ भी खिंचवाई फोटो

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चर्चित व्लॉगर और यूट्यूबर सौरव जोशी इन दिनों सोशल मीडिया पर लगातार सुर्खियों में हैं। वजह है उनकी हाल ही में हुई शादी और फिर भव्य वेडिंग रिसेप्शन, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार, सौरव जोशी ने 25 नवंबर को ऋषिकेश के तपोवन क्षेत्र स्थित एक शानदार रिजॉर्ट में अपनी लंबे समय से साथी रहीं अवंतिका भट के साथ सात फेरे लिए। यह शादी बिल्कुल गोपनीय रखी गई थी, जिसमें परिवार और बेहद करीबी लोग ही शामिल हुए। हालांकि, शादी की कुछ झलकियाँ बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जिन्हें देखकर फैंस ने कपल को ढेरों



शुभकामनाएँ दीं। शादी के बाद बुधवार को सौरव जोशी ने अपना वेडिंग रिसेप्शन आयोजित किया। बताया जा रहा है कि यह रिसेप्शन हल्द्वानी में सौरभ के घर में रखा गया, जहां देश भर से आए उनके रिश्तेदारों, करीबी मित्रों, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रशंसक मौजूद रहे। सौरव जोशी ने मुख्यमंत्री को विशेष निमंत्रण भेजा था, जिसे स्वीकार करते हुए वे रिसेप्शन में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सौरव और अवंतिका को आशीर्वाद दिया और उनके वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएँ कीं। सीएम धामी और नवविवाहित कपल की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। सौरव जोशी देश के सबसे लोकप्रिय यूट्यूबर्स में से एक हैं। उनके व्लॉग्स को करोड़ों लोग पसंद करते हैं। शादी की खबर सामने आते ही उनके फैंस और फॉलोअर्स लगातार बधाई संदेश भेज रहे हैं। फैंस यह देखकर भी काफी खुश हैं कि उत्तराखंड के सीएम ने स्वयं कार्यक्रम में पहुंचकर कपल को शुभकामनाएँ दीं।




# 1.251 किलो चरस सहित तस्कर गिरफ्तार

## एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और जसपुर पुलिस की संयुक्त टीम की सफलता

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना जसपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया। 2/3 दिसंबर 2025 की रात पतरामपुर फ्लाईओवर के पास की गई चेकिंग के दौरान टीम ने अंग्रेज सिंह नामक तस्कर को पकड़ लिया। उसके कब्जे से 01 किलो 251 ग्राम अवैध चरस, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। कार्रवाई रात करीब 2:30 बजे की गई और आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अपराध निहारिका तोमर और पुलिस अधीक्षक काशीपुर स्वपन किशोर सिंह के निर्देशन में, जबकि काशीपुर सर्किल के क्षेत्राधिकारी/एएसपी दीपक सिंह और ऑपरेशन के क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार



के पर्यवेक्षण में संचालित हुई। टीम का नेतृत्व थाना जसपुर प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी तथा एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय कर रहे थे। आरोपी अंग्रेज सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी चम्पतपुर चकला, थाना बड़ापुर, जनपद बिजनौर का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना जसपुर में एफआईआर नंबर 511/2025, धारा 8/20/60 बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी धर्मेंद्र सिंह, निवासी कोटा टांडा रायपुर, बिजनौर के साथ जसपुर में चरस बेचने आया था। उसने यह भी बताया कि बरामद चरस धर्मेंद्र द्वारा श्रीनगर गढ़वाल क्षेत्र से लाई गई थी। पुलिस अब उसके साथी की तलाश में जुट चुकी है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्रवाई में थाना जसपुर और एएनटीएफ की संयुक्त टीम में निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, निरीक्षक राजेश पांडेय, व.उ.नि. जावेद मलिक, कांस्टेबल कपिल ओली, कांस्टेबल हेमगिरी, हेड कांस्टेबल भुवन चंद्र पांडेय, कांस्टेबल विनोद खत्री और महिला कांस्टेबल सीमा शामिल रहे।

